दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्याससाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 ‖ Email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, बुधवार 13 मार्च 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-163

## तीन तलाक बिल के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। तीन तलाक विधेयक को लेकर केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश के खिलाफ दायर की गई याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। सोमवार को दायर की गई याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने स्वीकार करने से इनकार कर दिया।




बता दें कि पिछले महीने फरवरी में मोदी कैबिनेट ने तीन तलाक को लाए गए अध्यादेश को बढ़ाने की मंजूरी दी थी। ये नया अध्यादेश जून तक लागू रहेगा, जिसके बाद अगर इस कानून को जारी रखना होगा तो दोबारा अध्यादेश लाना होगा. अन्यथा संसद से इसे पास कराना होगा। गौरतलब है कि तीन तलाक की प्रथा को मुस्लिम पुरुषों के लिए दंडनीय अपराध बनाने वाले अध्यादेश को अब तक तीन बार जारी किया जा चुका है। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने मुस्लिम महिला (विवाह पर अधिकारों का संरक्षण) दूसरा अध्यादेश फरवरी 2019 में हस्ताक्षर किए थे। तीन तलाक की प्रथा पर प्रतिबंध लगाने वाला विधेयक लोकसभा से पारित हो चुका है, यह विधेयक फिलहाल राज्यसभा में लंबित है। मौजूदा लोकसभा के भंग होने के साथ ही तीन जून को यह विधेयक भी समाप्त हो जाएगा। एक वर्ष से भी कम समय में इस अध्यादेश को तीसरी बार फिर से जारी किया गया है।

गौरतलब है कि विपक्षी पार्टियों और समुदाय के कई नेताओं ने तीन तलाक बिल विधेयक पर आपत्ति जताई है और कहा है कि अपनी पत्नी को तत्काल तीन तलाक देने के बाद एक आदमी के लिए जेल की अवधि कानूनी रूप से अस्थिर है, लेकिन सरकार का दावा है कि ये विधेयक मुस्लिम महिलाओं को न्याय और समानता प्रदान करता है।

## चाइनीज कपड़े पहनते हैं मेक इन इंडिया की बात करने वाले मोदी: राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस के बूथ कार्यक्रम में कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर बड़ा हमला बोला. राहुल गांधी ने कहा कि आजकल पीएम मोदी आंख से आंख नहीं मिला पाते हैं. कांग्रेस अध्यक्ष ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने रोजगार देने की बात कही थी लेकिन रात 8 बजे उन्होंने नोटबंदी कर डाली. राहुल गांधी ने जीएसटी को गब्बर सिंह टैक्स बताते हुए कहा कि उसने सबकुछ बर्बाद करके रख दिया. पुलवामा हमले पर भी राहुल गांधी ने बीजेपी को घेरा. उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकारने ही मसूद अजहर को जेल से रिहा किया था. राहुल गांधी ने कहा कि एनएसए अजीत डोभाल ही मसूद अजहर को कंधार छोड़ने गए थे. राहुल गांधी ने बयान दिया कि कांग्रेस के दो पीएम शहीद हुए हैं और ये पार्टी कि सी के सामने झुकती नहीं है.



राहुल गांधी ने पीएम मोदी को घेरते हुए कहा कि वो मेक इन इंडिया की बात करते हैं लेकिन पीएम मोदी के जूते, चप्पल, कपड़ों पर मेड इन चाइना लिखा है. राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि वो पीएम मोदी बिना किसी एजेंडे के चीन दौरे पर गए थे.

## महत्वपूर्ण एवं खास

### कश्मीरियों को आत्मघाती हमलों के लिए उकसाती है पाक सेना

**यूएन में बोले पीओके एक्टिविस्ट**

जेनेवा (आरएनएस)। आतंकवाद को बढ़ावा को लेकर दुनियाभर की किरकिरी झेल रहे पाकिस्तान का अब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के नेताओं और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं ने भी जमकर विरोध किया है। जेनेवा में आयोजित संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 40वें सत्र के दौरान एक बैठक में पीओके के मानवाधिकार कार्यकर्ताओं और नेताओं ने पाकिस्तान के खिलाफ आवाज उठाते हुए पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद की ओर से किए गए पुलवामा आतंकी हमले की निंदा की।

### यूक्रेन में तूफान से तीन लोगों की मौत

कीव (आरएनएस)। यूक्रेन के मध्य, दक्षिणी और उत्तरी क्षेत्रों में रविवार और सोमवार को तेज आंधी के कारण कम से कम तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। यूक्रेन के आपातकालीन सेवा विभाग ने यह जानकारी दी।

### नशे में युवक को अपनी ही पिस्टल से लगी गोली

**काटना पड़ा प्राइवेट पार्ट**

ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक युवक को अपने दोस्त की शादी में पिस्टल के साथ डांस करना भारी पड़ गया. युवक की कमर में लगी पिस्टल से चली गोली के कारण डॉक्टरों को उसका प्राइवेट पार्ट काटना पड़ा.

रिपोर्ट के मुताबिक 28 साल का राहुल कश्यप दिल्ली का रहने वाला बताया जा रहा है. पुलिस ने बताया कि घटना के दौरान वह नशे में था.

### बिना कांग्रेस के दिल्ली की सातों सीट जीतेगी आप

**केजरीवाल का दावा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने लोकसभा चुनावों को लेकर ऐलान किया. केजरीवाल ने कहा, आने वाले चुनाव दिल्ली वालों के लिए बेहद ज़रूरी है. इस बार दिल्ली के लोग प्रधानमंत्री बनाने के लिए नहीं बल्कि पूर्ण राज्य के लिए वोट देंगे. शीला दीक्षित कह रही हैं कि कांग्रेस गठबंधन नहीं करेगी. लेकिन हमारे इंटरनल सर्वे हमें बता रहे हैं कि हम बिना गठबंधन के भी दिल्ली की सातों सीट जीत रहे हैं. सर्वे में यह भी बताया है कि भारत पाक तनाव से भाजपा को नुकसान होगा. अब मुसलमान भी आम आदमी पार्टी के साथ हैं. हालांकि पंजाब में गठबंधन पर बातचीत चल रही है.

### झारखंड में बहन से छेड़खानी का विरोध करने पर युवक की पीट-पीटकर हत्या

रांची। पलामू जिले में बहन के साथ छेड़खानी का विरोध करने पर मंगलवार को एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई. वारदात उस वक्त हुई जब वकील खान (मृतक) और उसका भाई दानिश खारदीहा गांव में पहुंचे, जहां उनकी बहन के साथ छेड़खानी की गई थी. मामले में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है.

### संदिग्ध परिस्थितियों में मिली महिला एसआई का शव, जांच में जुटी पुलिस

सिवनी। खैरीटेक के श्रीरामनगर कॉलोनी स्थित एक मकान में सोमवार की शाम को संदिग्ध परिस्थितियों एसआई का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एसआई के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हालांकि एसआई की मौत कैसे हुई है, इसकी जांच पुलिस कर रही है। जानकारी के मुताबिक मृतिका एसआई का नाम सोनिया राजपूत है। सोनिया का कुछ दिन पहले ही तबादला छिंदवाड़ा से सिवनी कोतवाली हुआ था। उन्होंने कोतवाली में ज्वाइनिंग के बाद सप्ताहभर पहले ही श्रीराम नगर कॉलोनी में एक मकान किराए पर ले रखा था।

## नाइजीरिया के एक गांव में हमले में 16 लोगों की मौत

लागोस (आरएनएस)। पश्चिमी अफ्रीकी देश नाइजीरिया के उत्तरी कडूना प्रांत के एक गांव में कुछ हथियारबंद लोगों ने हमला कर दिया जिसमें 16 लोगों की मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता याकूबू साबू ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि काजूरू क्षेत्र के बर्दे गांव में रविवार को कुछ हथियारबंद आदमी घुसे और अंधाधुंध गोलियां चलाना शुरू कर दिया जिसमें 16 लोगों की मौत हो गयी। श्री साबू ने बताया कि इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने सेना के जवानों के साथ कई टीमें बनाकर हमलावरों को पकड़ने और क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था बहाल करने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि अभियान जारी है और स्थिति नियंत्रण में आ गयी है। गौरतलब है कि नाइजीरिया के कडूना प्रांत में हाल के समय में इस प्रकार के हमलों में काफी इजाफा हुआ है।

## बर्फीले तूफान ने मचाई तबाही, 3 की मौत

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू एवं कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में बर्फीले तूफान की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

सोमवार को आए बर्फीले तूफान में सदना टॉप के निकट खूनी नाला क्षेत्र में पांच लोग फंस गए। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, तूफान से बच निकले दो लोगों ने प्रशासन को इसकी जानकारी दी।

## समझौता ट्रेन ब्लास्ट मामले पर अब 14 मार्च को फैसला

पंचकूला (आरएनएस)। 12 साल पहले हुए समझौता ट्रेन ब्लास्ट मामले पंचकूला की विशेष एनआईए कोर्ट ने अपना फैसला 14 मार्च तक सुरक्षित रखा है। बता दें कि अदालत ने इस मामले की सुनवाई 6 मार्च को पूरी कर ली थी और आज अपना फैसला सुनाने वाली थी, लेकिन अब अदालत इस मामले में अपना फैसला 14 मार्च को सुनाएगी। इस मामले स्वामी असीमानंद मुख्य आरोपी हैं।

इसके अलावा लोकेश शर्मा, कमल चौहान और राजिंद्र चौधरी भी आरोपी हैं। हालांकि इस



मामले में कुल 8 लोग आरोपी बनाए गए थे, लेकिन एक आरोपी की मौत हो चुकी है। तीन अन्य आरोपियों को भगोड़ा घोषित किया जा चुका है।

बता दें कि दिल्ली से लाहौर जा रही समझौता एक्सप्रेस ट्रेन में 18 फरवरी 2007 को पानीपत के दीवाना रेलवे स्टेशन के पास धमाका हुआ था। इस धमाके में दो बोगियों में आग लग गई थी, जिसमें 68 लोग जिंदा जल गए थे। मरने वालों में ज्यादातर पाकिस्तान के रहने वाले थे।

पुलिस को घटनास्थल से दो सूटकेस बम मिले, जो फट नहीं पाए थे। 20 फरवरी, 2007 को प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर पुलिस ने दो संदिग्धों के स्केच जारी किए। ऐसा कहा गया कि ये दोनों लोग ट्रेन में दिल्ली से सवार हुए थे और रास्ते में कहीं उतर गए। इसके बाद धमाका हुआ। 15 मार्च 2007 को हरियाणा पुलिस ने इंदौर से दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। यह इन धमाकों के सिलसिले में की गई पहली गिरफ्तारी थी। पुलिस इन तक सूटकेस के कवर के सहारे पहुंच पाई थी। ये कवर इंदौर के एक बाजार से घटना के चंद दिनों पहले ही खरीदे गए थे।

26 जुलाई 2010 को मामला एनआइए को सौंपा गया था। इसके बाद स्वामी असीमानंद को मामले में आरोपी बनाया गया। एनआइए ने 26 जून 2011 को पांच लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी।

## देश में बढ़ा अश्रु गैस का उत्पादन

### गवर्निंग बॉडी मीटिंग में बोले महानिदेशक

नई दिल्ली (आरएनएस)। सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक रजनी कांत मिश्र ने कहा कि दंगा-विरोधी अश्रु गैस म्युनिशनों का उत्पादन कर सभी पुलिस बलों को समय पर सुपुर्द कर सराहनीय कार्य कर रही है और आज अश्रु गैस इकाई के द्वारा स्वदेशी अघातक म्युनिशनों को उत्पादित कर देष को विदशी म्युनिशनों पर आश्रित होने से मुक्त कर दिया है। सीमा सुरक्षा बल मुख्यालय, सीजीओ



कांप्लेक्स नई दिल्ली सीमा सुरक्षा बल के महानिदेशक रजनीकांत मिश्र की अध्यक्षता में अश्रु गैस इकाई, सीमा सुरक्षा बल गृह मंत्रालय की सोमवार को हुई 40वीं गवर्निंग बॉडी मीटिंग में महानिदेशक मिश्र ने सीमा सुरक्षा बल ने अघातक हथियारों एवं म्युनिशन के क्षेत्र में उत्तम गुणवत्ता, समय पर उत्पादन, स्थानीय पुलिस बलों की आवश्यकता के अनुरूप कानून व्यवस्था प्रबंधन हेतु नये उत्पाद बनाने के लिये अश्रु गैस इकाई की सराहना की। उन्होंने बताया कि अश्रु गैस इकाई वर्ष 1976 में सी.सु.बल अकादमी टेकनुपर में स्थापित की गई थी एवं तभी से कानून व्यवस्था प्रबंधन के लिए दंगा-विरोधी अश्रु गैस म्युनिशनों का उत्पादन कर सभी पुलिस बलों को समय पर सुपुर्द कर सराहनीय कार्य कर रही है। अश्रु गैस इकाई के द्वारा स्वदेशी अघातक म्युनिषनों को उत्पादित कर देष को विदेषी म्युनिशनों पर आश्रित होने से मुक्त कर दिया है। मीटिंग में प्रबंधक मंडल के रूप में पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, गृह मंत्रालय, दिल्ली पुलिस, राज्य पुलिस बलों, आयुद्व निर्माण बोर्ड एवं वित्तीय मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

## बिहार में पुलिस हिरासत में दो युवकों की मौत की न्यायिक जांच हो

**अल्पसंख्यक आयोग की मांग**

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग ने बिहार के सीतामढ़ी जिले में पुलिस हिरासत में दो युवकों की रहस्यमयी ढंग से मौत को 'हत्या' करार देते हुए राज्य प्रशासन से कहा है कि इस पूरे मामले की न्यायिक जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की जाए। आयोग ने 'सीतामढ़ी संघर्ष समिति' नामक संगठन की शिकायत के बाद इस घटना का संज्ञान लेते हुए राज्य प्रशासन को नोटिस भेजकर 10 दिन के भीतर जवाब मांगा है। अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष सैयद गैयूरुल हसन रिजवी ने मंगलवार को कहा, ''पुलिस हिरासत में दो युवकों की हत्या की गई है। हमने राज्य प्रशासन से कहा है कि वह इस मामले की न्यायिक जांच कराए और दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करे।''

उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस विभाग के कुछ लोगों को निलंबित किया गया है, लेकिन यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। दोषियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज होना चाहिए।

आयोग के समक्ष की गई शिकायत में 'सीतामढ़ी संघर्ष समिति' के अध्यक्ष मोहम्मद शम्स शाहनवाज ने कहा, ''मीडिया की खबरों के मुताबिक 28 वर्षीय गुफरान और 30 वर्षीय तसलीम आलम को लूट के मामले में गिरफ्तार किया गया था लेकिन छह मार्च की शाम को अचानक से दोनों को सीतामढ़ी के सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां दोनों को मृत घोषित कर दिया गया।''

## गरीब सवर्णों के 10 फीसदी आरक्षण पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली। सामान्य वर्ग के आर्थिक पिछड़ों को 10 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था पर रोक लगाने से चुनाव आयोग ने इनकार कर दिया है। इस संबंध में एक याचिका दायर की गई थी, जिस पर सोमवार को सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई. अब केस की अगली सुनवाई 28 मार्च को होगी। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने कहा कि वह 28 मार्च को याचिका पर सुनवाई करेगी और संविधान पीठ को मुद्दा भेजने या नहीं भेजने पर विचार करेगी। पीठ में न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना भी शामिल थे। पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश हुये वरिष्ठ वकील राजीव धवन को अपने आवेदन में उठाये गये बिन्दुओं को एक छोटे नोट में दायर करने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील राजीव धवन ने कहा कि इस केस की सुनवाई संवैधानिक बेंच के सामने की जाए क्योंकि यह बुनियादी ढांचे का मामला है. इस पर कोर्ट ने सभी पक्षों से लिखित में यह मांग रखने को कहा। नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने इसी साल (2019) 7 जनवरी को सरकारी नौकरी और शिक्षण संस्थानों में आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य श्रेणी के लोगों को 10 फीसदी आरक्षण देने का फैसला लिया था। अलग से आरक्षण की यह व्यवस्था लागू करने के लिए संविधान में संशोधन किया गया। 9 जनवरी को संशोधित बिल राज्यसभा में लंबी बहस के बाद पारित हो गया और अगले ही दिन लोकसभा से भी इस बिल को मंजूरी मिल गई।

## गांधी जी कांग्रेस को 1947 में ही भंग करना चाहते थे:मोदी

### दांडी मार्च की वर्षगांठ पर पीएम ने दिलाया याद

नई दिल्ली (आरएनएस)। अंग्रेजी शासन के दौरान नमक पर लगाए गए टैक्स के खिलाफ महात्मा गांधी द्वारा निकाले गए दांडी मार्च के 89 साल पूरे होने के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी चाहते थे कि आजादी के बाद कांग्रेस को भंग कर दिया जाए. पीएम मोदी के मुताबिक, कांग्रेस ने हमेशा वंशवादी संस्कृति को बढ़ावा दिया, इसलिए वो कांग्रेस को भंग करना चाहते थे. पीएम मोदी के इस ब्लॉग के साथ एक और खास बात यह है कि आज ही अहमदाबाद में कांग्रेस की लोकसभा चुनाव को लेकर एक अहम बैठक करने जा रही है.

दांडी यात्रा की 90वीं वर्षगांठ के मौके पर पीएम मोदी ने एक ब्लॉग लिखा है. इसमें उन्होंने लिखा, लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी कभी कोई आस्था नहीं रही है. गांधी जी कांग्रेस कल्चर को अच्छी तरह से समझ चुके थे. इसीलिए वे चाहते थे कि कांग्रेस को भंग कर दिया जाए, विशेषकर 1947 के बाद.

## नक्सलियों ने बिजली काम में लगी ट्रेक्टर जलाई

नारायणपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के करमरी इलाके में आज सुबह नक्सलियों ने विद्युतीकरण कार्य में संलग्न ट्रेक्टर को आग के हवाले कर दिया। आगजनी में ट्रेक्टर जलकर खाक हो गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार करमरी इलाके में विद्युत पोल लगाए जा रहे हैं। इस हेतु पोल लेकर जा रही ट्रेक्टर को 10-15 वर्दीधारी हथियार बंद नक्सलियों ने जंगल में रोक लिया। नक्सलियों ने ट्रेक्टर के चालक-परिचालक को मारपीट कर भाग दिया, तत्पश्चात ट्रेक्टर का डीजल टेंक फोड़कर उसमें आग लगा दी। नक्सलियों ने घटनास्थल पर परचे भी छोड़े हैं जिसमें काम बंद करने की धमकी दी गयी है। उल्लेखनीय है कि कल इसी इलाके में नक्सलियों ने सड़क निर्माण में लगे छह वाहनों को आग की लपटों में झोंक दिया था।

## हांगकांग में तेल टैंकर और मछली पकड़ने वाली नौका के बीच टक्कर

हांगकांग (आरएनएस)। हांगकांग के लम्मा द्वीप के पास मंगलवार को एक तेल टैंकर से टकराने के बाद मछली पकड़ने वाली एक नौका समुद्र में डूब गई। पुलिस की एक प्रवक्ता ने बताया कि तेल टैंकर में 13 लोग सवार थे, जो सुरक्षित बताए जाते हैं। उन्होंने कहा कि मछली पकड़ने वाली नौका में सवार संभावित लापता लोगों का पता लगाया जा रहा है।

## ईडी ने जब्त की गौतम खेतान की 8.46 करोड़ की अचल सम्पत्ति

नयी दिल्ली (आरएनएस)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हवाला कारोबार रोकथाम अधिनियम के तहत अगस्ता वेस्टलैंड वीवीआईपी हेलीकॉप्टर घोटाले के आरोपी गौतम खेतान की अचल सम्पत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। जब्त की गयी सम्पत्तियों में नयी दिल्ली, हरियाणा तथा उत्तराखंड की सम्पत्तियां शामिल हैं। ईडी ने सोमवार को बताया कि खेतान की 8.46 करोड़ रुपये की सम्पत्तियां जब्त की हैं, जिसकी मौजूदा कीमत इससे कई गुणा अधिक है। उल्लेखनीय है कि आयकर विभाग ने काला धन और कर चोरी के आरोप में खेतान के खिलाफ वर्ष 2015 में मामला दर्ज किया था।